# राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना – 800006

आवेदन की अंतिम तिथि 31.08.2016

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा – 2017
(कक्षा X में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

परीक्षा की तिथि 13.11.2016

## प्रेस विज्ञप्ति

शैक्षिक सत्र 2016–17 में राज्य के विद्यालयों में कक्षा X में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा–2017 के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्रवृत्ति योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी निम्नवत है :–

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा–2017

■ **राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा** एन॰ सी॰ ई॰ आर॰ टी॰, नई दिल्ली की एक प्रमुख योजना है। इस योजना का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना और उनकी प्रतिभा को पोषित करना है। वर्ष 2012 से यह परीक्षा केवल कक्षा X में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं के लिए आयोजित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत कक्षा– XI से बेसिक साईंस, सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य के पाठ्यक्रमों के लिए पी॰ एच॰ डी॰ स्तर तक के साथ–साथ व्यवसायिक पाठ्यक्रमों जैसे–इंजिनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन एवं विधि की स्नातकोत्तर स्तर तक की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति के रूप में सहायता प्रदान की जाती है।

■ **छात्रवृत्ति हेतु आवेदन देने की अहर्त्ता**

1. बिहार सरकार/सी॰ बी॰ एस॰ ई॰/ आई॰ सी॰ एस॰ ई॰ / बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड एवं बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2016–17 में कक्षा X में नियमित रूप से पढ़ने वाले सभी छात्र/छात्रा इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र हैं।
2. जिस विद्यालय में विद्यार्थी अध्ययन कर रहा है उसे बिहार राज्य में अवस्थित होना आवश्यक है।
3. अधिवासी (Domicile) का कोई प्रतिबंध नहीं है।
4. इसके लिए कोई आयु या आय–सीमा निर्धारित नहीं है।
5. राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राएँ इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

■ **चयन प्रक्रिया – चयन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा।**

लिखित परीक्षा दो स्तर की है।

प्रारंभिक परीक्षा – राज्य स्तर पर (इसका आयोजन SCERT, Patna करती है।)

मुख्य परीक्षा – राष्ट्र स्तर पर (इसका आयोजन NCERT, New Delhi करती है।)

प्रारंभिक परीक्षा के सफल विद्यार्थी मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होंगे। मुख्य परीक्षा में सफल छात्रों का चयन छात्रवृत्ति हेतु किया जाएगा।

■ **छात्रवृत्ति की संख्या** :– राष्ट्रीय स्तर पर छात्रवृत्ति की संख्या 1000 है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए वर्ष 2017 में बिहार राज्य का कोटा 264 है।

■ **आरक्षण** :– इस छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत आरक्षण का प्रावधान निम्नवत है :–

(1) अनुसूचित जाति–16%,

(2) अनुसूचित जनजाति – 1%,

(3) निःशक्त – 3%

■ **परीक्षा शुल्क** :– इस परीक्षा हेतु शुल्क निम्नवत है –

1. सामान्य एवं अन्य – 100.00 रू० (एक सौ रूपये)
2. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्त – 50.00रू० (पचास रूपये)

निर्धारित परीक्षा शुल्क छात्रों द्वारा नगद अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पास जमा किया जाएगा। प्रधानाध्यापक विद्यालय के सभी छात्रों का परीक्षा शुल्क की राशि का एक बैंक ड्राफ्ट Director, S.C.E.R.T. Bihar Patna के पदनाम से एवं Patna में भुगतेय बनाकर समेकित सूची के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में ससमय (दिनांक 02.09.2016 तक) जमा करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने जिले के सभी विद्यालय से प्राप्त सभी छात्रों के आवेदन–पत्रो की समेकित विवरणी विद्यालयवार तैयार कर एवं प्राप्त बैंक ड्राफ्टों की विवरणी विहित प्रपत्र में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, महेन्द्रू पटना में दिनांक 07.09.2016 तक जमा करेंगे।

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्त श्रेणी के परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क में उसी शर्त्त पर छूट दिया जाएगा जब आवेदन–पत्र के साथ सक्षम पदाधिकारी के द्वारा निर्गत जाति–प्रमाण–पत्र/निःशक्तता प्रमाण–पत्र संलग्न करेंगें। जाति प्रमाण पत्र/निःशक्तता प्रमाण पत्र संलग्न नहीं करने की स्थिति में आवेदन–पत्र में सामान्य श्रेणी के कॉलम को चिन्हित किया जाय।

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रारम्भिक परीक्षा का स्वरूप निम्नवत है:–

| विषय | प्रश्नों की संख्या | पूर्णांक | परीक्षा की अवधि | | विषयवार न्यूनतम अर्हत्तांक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य के लिए | निःशक्त के लिए (केवल दृष्टिबाधित) | सामान्य के लिए | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्त के लिए |
| मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) | 50 | 50 | 45 मिनट | 60 मिनट | 20 (40%) | 16 (32%) |
| शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | 100 | 100 | 90 मिनट | 120 मिनट | 40 (40%) | 32 (32%) |
| भाषागत अवधारणा परीक्षण (LAT) | 50 | 50 | 45 मिनट | 60 मिनट | 20 (40%) | 16 (32%) |

**परीक्षा का पाठ्यक्रम :** राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का कोई निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है। इस परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना है। इस परीक्षा में प्रश्न राज्य सरकार के विद्यालयों में वर्ग IX एवं X में पढ़ाए जाने वाले विषयों / पाठ्यक्रम पर आधारित रह सकते हैं।

मानसिक योग्यता परीक्षा के अन्तर्गत तर्क, विश्लेषण, संश्लेषण, शाब्दिक, अशाब्दिक से सम्बंधित 50 प्रश्न एवं शैक्षिक योग्यता परीक्षा के अंतर्गत विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव–विज्ञान) सामाजिक विज्ञान (इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल एवं अर्थशास्त्र) एवं गणित विषय से 100 प्रश्न पूछे जायेंगे। शैक्षिक योग्यता परीक्षण के अंतर्गत ही भाषागत अवधारणा परीक्षण (Language Comprehension)से सम्बंधित 50 प्रश्न रहेंगे। भाषागत अवधारणा परीक्षण के अंतर्गत हिन्दी भाषा से 50 प्रश्न एवं अंग्रेजी भाषा से 50 प्रश्न रहेंगे। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार किसी एक भाषा का चयन कर अपना उत्तर OMR उत्तर पत्रक पर देंगे। भाषा में न्यूनतम अहर्त्तांक प्राप्त करना आवश्यक है अन्यथा मेधा क्रम में आने के बावजूद भी उनका चयन नहीं किया जायेगा। भाषा में प्राप्त अंक को मेधा क्रम में नहीं जोड़ा जाएगा। प्रारम्भिक परीक्षा का आदर्श उत्तर (Model Answer) दिनांक 25.11.2016 तक SCERT PATNA के वेबसाईट www.scertbihar.co.in एवं शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के www.educationbihar.gov.in पर अपलोड कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी दिनांक–02.12.2016 तक अपनी आपत्ति परिषद् के Email – exam.scertpatna@yahoo.com पर वैध एवं प्रमाणिक साक्ष्य के साथ अपने रौल नं0 का उल्लेख करते हुए भेज सकते है। नियत तिथि के उपरान्त अथवा बिना वैध साक्ष्य के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रत्येक प्रश्न 1 (एक) अंक का होगा। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ और बहुविकल्पीय प्रणाली के अंतर्गत 4 (चार) विकल्प वाले होंगे। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित होगी।

**निःशक्तता प्रमाण–पत्र :–** निःशक्त आवेदकों के लिए निःशक्तता से संबंधित Civil Surgeon के द्वारा निर्गत (न्यूनतम 40% निःशक्तता का प्रतिशत) निःशक्तता प्रमाण–पत्र की छायाप्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा। प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं करने पर आवेदन–पत्र में None चिन्हित किया जाय।

**जाति–प्रमाण–पत्र :–** आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) से निर्गत जाति–प्रमाण–पत्र की छाया प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा। प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं करने की स्थिति में आवेदन–पत्र के क्रम संख्या 6 पर सामान्य श्रेणी चिन्हित किया जाय।

**परीक्षा केन्द्र :–** परीक्षार्थियों की संख्या के अनुरूप परीक्षा केन्द्र सभी जिला मुख्यालयों में होगा।

**आवेदन–पत्र कैसे प्राप्त करें :–** SCERT PATNA के वेबसाईट www.scertbihar.co.in एवं शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट www.educationbihar.gov.in से डाउनलोड कर आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

**आवेदन–पत्र जमा करने का स्थान एवं अन्तिम तिथि :–** सभी परीक्षार्थी अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन–पत्र शुल्क (नगद) सहित अपने–अपने विद्यालय में दिनांक 31–08–2016 तक विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्राचार्य के कार्यालय में जमा करेंगे। विद्यालय प्रधान सभी आवेदन–पत्रों को परीक्षार्थी के अंग्रजी नाम के आधार पर Alphabetically M.S Excel Sheet में समेकित कर पूर्ण विवरणी के साथ दो प्रति में सूची बना कर तथा परीक्षा शुल्क की नगद राशि का एक बैंक ड्राफ्ट जो Director, S.C.E.R.T. Bihar Patna के पदनाम से हो तथा Patna में भुगतेय हो के साथ दिनांक 02.09.2016 तक निश्चित रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे। प्रधानाध्यापक आवेदन–पत्रों के समेकित सूची की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी सभी आवेदन–पत्रों को विद्यालयवार समेकित कर विहित प्रपत्र की दो प्रतियों में विद्यालयवार सूची बना लेंगे। एक अपने पास सुरक्षित रखेंगे तथा सूची की दूसरी प्रति (Hard एवं Soft Copy में) एवं बैंक ड्राफ्ट दिनांक 07.09.2016 तक परिषद् कार्यालय में विशेष दूत से उपलब्ध करायेंगे।

- **आधे–अधूरे आवेदन–पत्र अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र अथवा सीधे एस. सी. ई. आर. टी. महेन्द्रू, पटना को भेजा गया आवेदन–पत्र बिना किसी पत्राचार के अस्वीकृत कर दिया जाएगा।**
- **परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र परीक्षा की तिथि के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दिया जाएगा। विद्यालय प्रधान अपने विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र अपने जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर परीक्षार्थियों को वितरित करेंगे। परीक्षार्थियों को समय पर प्रवेश–पत्र वितरित हो जाए इसे जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे।**

**(डा0 संजीवन सिन्हा)**
निदेशक
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
बिहार, पटना–800006

**विशेष जानकारी के लिए www.scertbihar.co.in एवं www.educationbihar.gov.in पर visit किया जा सकता है।**

# APPLICATION FORM
## STATE LEVEL NATIONAL TALENT SEARCH EXAMINATION- 2017
### (For the Students Studying in Class X)

Read the instruction carefully given on the next page before filling the application form.
You may take the help from your teacher / parent for filling up the application form.
- Date of Examination : 13.11.2016 (Sunday)
- Name & Address of the Agency for conducting First Level NTS Examination : S.C.E.R.T. Bihar, Mahendru, Patna-6
- Name of the State / UT : Bihar
(where the candidate is studying in class X as a regular student)

Examination Fees paid by cash

| Category | Amount (Cash) | Date |
|---|---|---|
| | | |

For General & Others Rs. 100/-
SC, ST & Disabled Rs. 50/-

Space for the Photograph (Passport size) That must be Black & White The Photograph should be attested by the Head of the Institution / Gazetted Officer

State Level 11 digit Roll Number

| State Code | Year | Distt. Code | Centre Code | Serial No. |
|---|---|---|---|---|
| 2 0 | 1 7 | | | |

(To be filled by the SCERT, Patna: Distt. Code, Centre Code, Serial No.)

Class: 10

Date of birth: Date / Month / Year

1. Name of the Candidate (Do not write Miss/Master)
2. Father's Name (Do not write Mr. / Dr. / Prof.)
3. Mother's Name (Do not write Ms. / Dr. / Prof.)
4. Sex: 1 Male 2 Female
5. Area in which candidate resides: 1 Rural 2 Urban
6. Caste category of candidate: 1 General & Others 2 SC 3 ST
7. Disability Status of Candidate: 1 Orthopedic 2 Hearing Impaired 3 Visually Impaired 4 None

(Attach relevant reservation certificate for item No. 6 & 7)

8. Postal address for correspondence (Do not write Father's or your name)
Pin Code
9. Name and address of the institution in which the applicant is studying at Class X level
Pin Code
10. Type of the institution in which studying at Class X level (See definition overleaf*)
1 Govt. 2 Govt. Aided 3 Private Aided 4 Private Unaided
11. Area in which the school is located: 1 Rural 2 Urban
12. Medium of examination (a) at the **State level** (b) at the **NCERT** level
13. Father's Education
14. Father's Occupation
15. Mother's education
16. Mother's occupation
17. No. of family members living in the house
18. Number of brothers
19. Number of sisters
20. At what number is the candidate among his/her brother and sister's
21. Parental annual income
1 Up to 50,000 2 50,001 to 100,000 3 100,001 to 2,00,000 4 2,00,001 to 5,00,000 5 More than 5,00,000
22. Telephone: STD Code / Phone/Mobile No.
23. E-mail address

**To be filled in by the Head of the Institution/ Gazetted Officer**

Certified that :
(1) Master/Miss. .......................................................... is a regular student of this School/Institution and he/she has secured % marks in the Class IX annual examination i.e. when he/she was promoted from Class IX to class X. He/she has secured ..................................... marks out of ................................ (Candidate must fulfill the criteria announced by S.C.E.R.T, Patna)
(2) The particulars given by him/her in the application form have been verified and found in order.
(3) Master/Miss .......................................................... belongs to S.C./ S.T./ Disabled Category as per the records maintained in the Institution. (to be filled for reserve category only.

..........................................
Date

..........................................
Signature of the Headmaster/Headmistress/ Gazetted Officer With Seal

..........................................
Signature of the candidate

**Note:** सीधे एस. सी. ई. आर. टी., पटना को भेजा गया आवेदन–पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

(See Instructions overleaf)

# Coding Plan

**Read Instructions carefully before filling up the Application Form**

1. Use only Blue or Black Ball Point Pen. WRITE IN CAPITAL LETTERS. Do not mark or write outside the boxes.
2. Leave one box blank between two words. Limit your name and/ or address within the space provided for it. Please see example as given below.
3. Tick (✓) only one of the appropriate boxes in item nos. 4,5,6,7,10,11 & 21
4. Please write code number in item nos. 12,13,14,15 and 16 as given below.
5. It is the responsibility of the candidate and the Principal of the school to deposit the filled in form with the Distt. Education Officer before the last date. No. request for condoning delay in submission will be entertained whether it is due to the fault of the Candidate or the Headmaster/ Principal of his/her institution.
6. Incomplete or defective applications are liable to be rejected.
7. Distt. Code, Centre Code and Sl. No. will be filled in by the S.C.E.R.T.

**Example for writing Name and Address**

Father's Name :

| O | | P | | G | U | P | T | A | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**Postal Address : Do not try to write complete address in one line. Break it appropriately as shown below.**

| 1 | 4 | 5 | / | 6 | | M | O | U | N | T | | R | O | A | D | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| C | H | E | N | N | A | I | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

PIN

| 6 | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|

| Medium of Examination (Refer to item 12) | | Education of Father or Mother (Refer to item 13 & 15) | |
|---|---|---|---|
| **Medium of Examination** | **Code** | **Education** | **Code** |
| English | 13 | No Formal education | 1 |
| Hindi | 15 | Up to Primary | 2 |
| | | Upper Primary | 3 |
| | | Secondary | 4 |
| | | Senior Secondary | 5 |
| | | Graduation | 6 |
| | | Post Graduation | 7 |
| | | Doctoral | 8 |
| | | Professional degree (Engineering, Medicine, MCA, MBA, etc.) | 9 |
| | | Any Other | 10 |

| Father's / Mother's Occupation (Refer to item Nos. 14 & 16) | |
|---|---|
| **Occupation** | **Code** |
| Professional, Technical and Related Worker | 1 |
| Administrative, Executive and Managerial Worker | 2 |
| Clerical and Related Worker | 3 |
| Sales / Service Worker | 4 |
| Farmer, Fisherman and Related Worker | 5 |
| Production and Related Worker, Transport | 6 |
| Operators and Labourer Worker not classified by the above occupations | 7 |
| Not employed | 8 |

**TYPE OF SCHOOL/ INSTITUTION (Refer to item No.10)**

| | |
|---|---|
| GOVERNMENT | A Government School is that which is run by the State Government or Central Government or Public Sector Undertaking or an Autonomous Organization completely financed by the Government. |
| GOVERNMENT AIDED | A Government Aided School is that which is run by local body and aided by State Government/Central Government |
| PRIVATE AIDED | A Private Aided School is that which is run by an individual or a private Organization and receives grant from government or local body. |
| PRIVATE UNAIDED | Private Unaided School is that which is managed by an individual or a private Organization and does not receive any grant either from government or local body. |

नोट : 1. सभी परीक्षार्थी अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन-पत्र शुल्क (नगद) सहित अपने-अपने विद्यालय में दिनांक 25.08.2016 तक विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्राचार्य के कार्यालय में जमा करेंगे।

2. आधे-अधूरे आवेदन-पत्र अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र अथवा सीधे एस. सी. ई. आर. टी. महेन्द्रू, पटना को भेजा गया आवेदन-पत्र बिना किसी पत्राचार के अस्वीकृत कर दिया जाएगा।